SEAL

Booklet Serial No. 4900354

Booklet Series **B**

# 09/EFC/M-2025-02(A)

Question Booklet

**SCIENCE**

**PAPER – II**

Candidate's Roll Number

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 300**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet Contains Question No. 1 to 50, Chemistry (Compulsory), Question No. 51 to 100 Physics and Question No. 101 to 150 Biology. Choose questions from one subject either from Physics or from Biology.
2. **All** questions carry equal marks.
3. An Answer Sheet has been supplied inside the question booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top left-hand corner of the Booklet and the series encoded in answer sheet are same. Also please check that the Booklet contains 48 printed pages including two pages (Page Nos. 46 and 47) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or question booklet and answer sheet have different series. If you find any defect in this Booklet and attached answer sheet, get it replaced immediately by a complete Booklet with OMR sheet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses – (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
8. In the Answer Sheet, there are **four** circles – (A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
9. For each question for which a wrong answer/more than one answer has been given by the candidates, **one third (1/3)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।



SEAL

SEAL

1. Which of the following represents the first electron affinity of chlorine?

(A) $Cl^{-}(g) + e^{-} \rightarrow Cl^{2-}(g)$

(B) $Cl(g) \rightarrow Cl^{+}(g) + e^{-}$

(C) $Cl_2(g) \rightarrow 2Cl(g)$

(D) $Cl(g) + e^{-} \rightarrow Cl^{-}(g)$

2. A solution has a 1 : 4 mole ratio of pentane to hexane. The vapour pressures of the pure hydrocarbons at 20°C are 440 mm Hg for pentane and 120 mm Hg for hexane. What is the mole fraction of pentane in the vapour phase?

(A) 0.478

(B) 0.549

(C) 0.789

(D) 0.200

3. If the standard reduction potentials $(E^{\circ})$ of the divalent ions are as follows:

$X^{2+}: -1.46\ V;\ Y^{2+}: -0.36\ V;$

$Z^{2+}: +0.15\ V;\ W^{2+}: -1.24\ V$

Which one of the following elements will most readily displace Z from its aqueous salt solution?

(A) Y

(B) W

(C) Z

(D) X

4. 5.6 L of oxygen gas at NTP is equivalent to :

(A) ½ mole

(B) ¼ mole

(C) ⅛ mole

(D) 1 mole

5. What is the reason for the irregular electronic configurations of Cr and Cu?

(A) Instability of half-filled orbitals

(B) Stability of half-filled and fully filled d orbitals

(C) Completely filled 4p orbitals

(D) Large energy gap between 3d and 4s orbitals

6. The anomalously low melting points of Mn and Tc, compared to other d-block elements in their series, are best explained by :

(A) Irregular metallic bonding due to half-filled d-orbitals

(B) High enthalpy of atomisation

(C) Extensive metal-metal bonding

(D) Lanthanoid contraction

7. The nearly constant atomic radii between the 4d and 5d series is mainly due to :

(A) Lanthanoid contraction

(B) Effective nuclear charge decreases

(C) Metal-metal bonding in 5d elements

(D) Increased shielding effect in 5d

490354

1. निम्न में से कौन-सा समीकरण क्लोरीन की प्रथम इलेक्ट्रॉन अभिलिप्सा को दर्शाता है?

(A) $Cl^-(g) + e^- \rightarrow Cl^{2-}(g)$

(B) $Cl(g) \rightarrow Cl^+(g) + e^-$

(C) $Cl_2(g) \rightarrow 2Cl(g)$

(D) $Cl(g) + e^- \rightarrow Cl^-(g)$

2. एक विलयन में पेन्टेन और हैक्सेन का मोल अनुपात 1 : 4 है। 20°C पर पेन्टेन का वाष्प दाब 440 mm Hg और हैक्सेन का 120 mm Hg है। वाष्प अवस्था में पेन्टेन का मोल अंश क्या होगा?

(A) 0.478

(B) 0.549

(C) 0.789

(D) 0.200

3. यदि निम्नलिखित चार द्विसंयोजी आयनों के लिए मानक अपचयन विभव $(E^\circ)$ दिए गए हैं :

$X^{2+}: -1.46\ V$; $Y^{2+}: -0.36\ V$;

$Z^{2+}: +0.15\ V$; $W^{2+}: -1.24\ V$

इनमें से कौन-सा तत्व **Z** को उसके जलीय लवण से सबसे अधिक सरलता से विस्थापित करेगा?

(A) Y

(B) W

(C) Z

(D) X

4. NTP (सामान्य ताप और दाब) पर 5.6 L ऑक्सीजन गैस किसके तुल्य है?

(A) 1/2 मोल

(B) 1/4 मोल

(C) 1/8 मोल

(D) 1 मोल

5. Cr और Cu के असामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास का कारण क्या है?

(A) अर्ध-पूर्ण कक्षाओं की अस्थिरता

(B) अर्ध-पूर्ण और पूर्ण रूप से भरे d कक्षों की स्थिरता

(C) पूर्ण रूप से भरी 4p कक्षाएं

(D) 3d और 4s कक्षाओं के बीच बड़ा ऊर्जा अंतर

6. Mn और Tc की श्रृंखला में अन्य d-ब्लॉक तत्वों की तुलना में पिघलने बिंदु अपेक्षाकृत कम क्यों होते हैं?

(A) अर्ध-पूर्ण d-कक्षाओं के कारण धात्विक आबंध में अनियमितता

(B) उच्च परमाणीकरण एनथैलपी

(C) धातु-धातु बंध का विस्तार

(D) लैन्थेनाइड संकुचन

7. 4d और 5d श्रृंखलाओं के बीच परमाणु त्रिज्याओं में लगभग समानता का मुख्य कारण है :

(A) लैन्थेनाइड संकुचन

(B) प्रभावी नाभिकीय आवेश में कमी

(C) 5d तत्वों में धातु-धातु बंध

(D) 5d में उच्च शीलि्डंग प्रभाव

4900354 4900354 4900354 4900354 4900354

8. What type of compound is formed when an aldehyde reacts with two equivalents of alcohol in dry HCl?

(A) Acetal

(B) Ether

(C) Carboxylic acid

(D) Hemiacetal

9. Which reagent converts p-fluorotoluene to p-fluorobenzaldehyde?

(A) $CrO_3$ in acetic anhydride, followed by $H_3O^+$

(B) $CrO_2Cl_2$

(C) $H_2/Pd$

(D) PCC

10. Which condition is essential for carrying out the Grignard reagent reaction?

(A) Aqueous medium

(B) Dry ether

(C) Alcoholic solution

(D) Moist ether

11. Which reaction converts alkyl halides into alkanes with double the number of carbon atoms?

(A) Wurtz reaction

(B) Finkelstein reaction

(C) Corey-House synthesis

(D) Friedel-Crafts reaction

12. Haloarenes are less reactive towards nucleophilic substitution than haloalkanes due to

(A) Resonance and double bond character in C – Cl

(B) More electronegative halogen

(C) Solubility in water

(D) Longer bond length

13. Which position of the $-NO_2$ group activates chlorobenzene towards nucleophilic substitution?

(A) Ortho

(B) Both Ortho and Para

(C) Para

(D) Meta

14. What is the name of the reaction where alkyl and aryl halides react with Na in dry ether to from alkylarenes?

(A) Fittig reaction

(B) Wurtz-Fittig reaction

(C) Friedel-Crafts reaction

(D) Sandmeyer reaction

15. Which toxic gas is formed when chloroform is oxidised in the presence of light and air?

(A) Carbon monoxide

(B) Phosgene

(C) Ozone

(D) Chlorine

4900354 4900354 4900354 4900354 4900354

8. जब एल्डिहाइड की दो एथेनॉल अणुओं से ड्राई HCl की उपस्थिति में अभिक्रिया होती है, तो क्या बनता है?

(A) एसेटल

(B) ईथर

(C) कार्बोक्सिलिक अम्ल

(D) हेमीएसेटल

9. p-फ्लूरोटोल्यून को p-फ्लूरोबेंजाल्डिहाइड में परिवर्तित करने के लिए कौन-सा अभिकर्मक प्रयोग होता है?

(A) $CrO_3$ एसीटिक एनहाइड्राइड के साथ, और फिर $H_3O^+$

(B) $CrO_2Cl_2$

(C) $H_2/Pd$

(D) PCC

10. ग्रिनियार्ड अभिकर्मक की अभिक्रिया को संपन्न करने के लिए कौन-सी स्थिति आवश्यक है?

(A) जल माध्यम

(B) शुष्क ईथर

(C) अल्कोहलिक विलयन

(D) नम ईथर

11. कौन-सी अभिक्रिया अल्काइल हैलाइड को दोगुनी कार्बन संख्या वाले हाइड्रोकार्बन में परिवर्तित करती है?

(A) वुर्ट्ज अभिक्रिया

(B) फिन्केलस्टीन अभिक्रिया

(C) कोरी-हाउस संश्लेषण

(D) फ्रीडेल-क्राफ्ट अभिक्रिया

12. न्यूक्लियोफिलिक प्रतिस्थापन में हैलोएरीन, हैलोअल्केन की तुलना में कम अभिक्रियाशील क्यों होते हैं?

(A) रेजोनेंस और C–Cl में द्वि-बंधीय स्वरूप

(B) अधिक विद्युत्रणात्मक हैलोजन

(C) जल में विलेयता

(D) लंबा बंध लंबाई

13. क्लोरोबेंजीन को न्यूक्लियोफिलिक प्रतिस्थापन के प्रति सक्रिय करने में $-NO_2$ समूह की कौन-सी स्थिति सहायक होती है?

(A) ओर्थो

(B) ओर्थो और पैरा दोनों

(C) पैरा

(D) मेटा

14. वह अभिक्रिया जिसमें अल्काइल और एरिल हैलाइड सोडियम और सूखे ईथर में अभिक्रिया कर अल्काइलएरीन बनाते हैं, क्या कहलाती है?

(A) फिट्टिग अभिक्रिया

(B) वुर्ट्ज-फिट्टिग अभिक्रिया

(C) फ्रीडेल-क्राफ्ट अभिक्रिया

(D) सैंडमेयर अभिक्रिया

15. जब क्लोरोफॉर्म को प्रकाश और वायु की उपस्थिति में ऑक्सीकरण किया जाता है, तो कौन-सी विषैली गैस बनती है?

(A) कार्बन मोनोऑक्साइड

(B) फॉस्जीन

(C) ओजोन

(D) क्लोरीन

490354

16. Among the following electronic transitions in hydrogen and hydrogen-like ion spectra, which transition emits light of the longest wavelength?

(A) $n = 4 \rightarrow n = 3$ for $Li^+$

(B) $n = 4 \rightarrow n = 3$ for $He^+$

(C) $n = 5 \rightarrow n = 2$ for H

(D) $n = 2 \rightarrow n = 1$ for H

17. Three substances – X, Y and Z – were tested in a laboratory. The following observations were made :

Substance X has a very high melting point of 1600 °C and does not conduct electricity in either the solid or liquid state.

Substance Y melts at 650°C and conducts electricity in both solid and liquid states.

Substance Z melts at 1418°C, does not conduct electricity in solid form, but does conduct in the liquid phase.

Based on these observations, what type of bonding is most likely present in each substance?

(A) X – Ionic, Y – Molecular, Z – Network covalent

(B) X – Molecular, Y – Metallic, Z – Ionic

(C) X – Network covalent, Y – Metallic, Z – Ionic

(D) X – Network covalent, Y – Ionic, Z – Metallic

18. Consider the equilibrium reaction :

$HNO_2\ (aq) \rightleftharpoons H^+\ (aq) + NO_2^-\ (aq)$ :

The acid dissociation constant for this reaction is $Ka = 4.0 \times 10^{-4}$ . What is the approximate per cent ionisation of 1.0 M $HNO_2$ in aqueous solution?

(A) 0.020%

(B) 0.040%

(C) 2.0%

(D) 0.00040%

19. The reaction below represents an elementary step in a chemical process :

$2\ NOBr(g) \rightarrow 2\ NO(g) + Br_2(g)$

Which of the following is the correct rate law expression for this elementary step?

(A) Rate = k[NOBr]

(B) Rate = $k[NOBr]^2$

(C) Rate = $k[NO]^2[Br_2]$

(D) Rate = $k/[NOBr]^2$

20. At 400 K, methanol is completely vaporised, producing a pressure of 0.30 atm. If the same experiment is repeated using half the mass of $CH_3OH$, what will be the pressure in the vessel at 400 K?

(A) 0.30 atm

(B) 0.40 atm

(C) 0.60 atm

(D) 0.15 atm

4900354 4900354 4900354 4900354 4900354

16. हाइड्रोजन एवं हाइड्रोजन सदृश आयनों के स्पेक्ट्रम में निम्नलिखित में से किस संक्रमण में सबसे लंबी तरंगदैर्ध्य की प्रकाश किरण उत्सर्जित होती है?

(A) $n = 4 \rightarrow n = 3$, लिथियम आयन $Li^+$ के लिए

(B) $n = 4 \rightarrow n = 3$, हीलियम आय़न $He^+$ के लिए

(C) $n = 5 \rightarrow n = 2$, हाइड्रोजन (H) के लिए

(D) $n = 2 \rightarrow n = 1$, हाइड्रोजन (H) के लिए के लिए

17. तीन पदार्थ X, Y और Z का प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया। निम्नलिखित अवलोकन किए गए :

पदार्थ X का गलनांक बहुत अधिक (1600°C) है और यह न तो ठोस अवस्था में और न ही द्रव अवस्था में विद्युत प्रवाहित करता है।

पदार्थ Y का गलनांक 650°C है और यह ठोस और द्रव दोनों अवस्थाओं में विद्युत प्रवाहित करता है।

पदार्थ Z का गलनांक 1418°C है ; यह ठोस अवस्था में विद्युत प्रवाहित नहीं करता, परंतु द्रव अवस्था में करता है।

इन जानकारियों के आधार पर, निम्न में से कौन-सा विकल्प पदार्थों में उपस्थित बंधन के प्रकार को सही दर्शाता है?

(A) X - आयनिक, Y - अणुक, Z - नेटवर्क सहसंयोजक

(B) X - अणुक, Y - धात्विक, Z - आयानिक

(C) X - नेटवर्क सहसंयोजक, Y - धात्विक, Z - आयनिक

(D) X - नेटवर्क सहसंयोजक, Y - आयनिक, Z - धात्विक

18. निम्न संतुलन अभिक्रिया पर विचार करें : $HNO_2 (aq) \rightleftharpoons H^+ (aq) + NO_2^- (aq)$

इस प्रतिक्रिया का अम्ल अपघटन स्थिरांक (Ka) $4.0 \times 10^{-4}$ है।

1.0 M $HNO_2$ ज़लीय विलयन में इसकी लगभग प्रतिशत आयनीकरण कितनी होगी?

(A) 0.020%

(B) 0.040%

(C) 2.0%

(D) 0.00040%

19. निम्न रासायनिक अभिक्रिया एक प्राथमिक चरण को दर्शाती है :

$2 NOBr(g) \rightarrow 2 NO(g) + Br_2(g)$

इस प्राथमिक चरण के लिए सही दर समीकरण क्या होगा?

(A) दर = $k[NOBr]$

(B) दर = $k[NOBr]^2$

(C) दर = $k[NO]^2[Br_2]$

(D) दर = $k/[NOBr]^2$

20. 400 K पर, $CH_3OH$ पूरी तरह वाष्पित होकर 0.30 atm दाब उत्पन्न करता है। यदि यही प्रयोग फिर से किया जाए लेकिन इस बार $CH_3OH$ की मात्रा आधी हो, तो 400 K पर कंटेनर में दाब कितना होगा?

(A) 0.30 atm

(B) 0.40 atm

(C) 0.60 atm

(D) 0.15 atm

490354 490354 490354 490354 490354

21. When an aliphatic amine is subjected to Lassaigne's test, which of the following compounds is formed?

(A) $NaNO_2$

(B) NaCN

(C) $NaN_3$

(D) $NaNH_2$

22. Which of the following statement is correct?

(A) Uracil is a purine nucleobase

(B) Natural fatty acids have an odd number of carbon atoms

(C) The reaction of (D)-glucose with $Ca(OH)_2$ gives a mixture containing (D)-fructose, (D)-mannose and (D)-glucose

(D) The secondary structure of a polypeptide describes the number and type of amino acid residues

23. One litre of a buffer solution contains 0.004 mole of acetic acid ($pK_a = 4.76$) and 0.4 mole of sodium acetate. What is the pH of the solution?

(A) 4.76

(B) 6.76

(C) 7.76

(D) 2.76

24. Two reversible reactions are given :

Reaction 1 : $SO_2(g) + \frac{1}{2} O_2(g) \rightleftharpoons SO_3(g)$, with equilibrium constant $K_1$

Reaction 2 : $SO_3(g) \rightleftharpoons SO_2(g) + \frac{1}{2} O_2(g)$, with equilibrium constant $K_2$

What is the correct relationship between $K_1$ and $K_2$?

(A) $K_2 = K_1$

(B) $1/K_2 = 2(K_1)$

(C) $1/K_2 = K_1$

(D) $K_2 = (K_1)^2$

25. Which of the following statements is correct according to molecular orbital theory?

(A) $He_2$ is stable, but $He^{2+}$ is not expected to exist

(B) Bond strength of $N_2$ is the maximum among homonuclear diatomic molecules

(C) The order of molecular orbital energies in $F_2$ is :

$$\pi 2p_x = \pi 2\rho_y < \sigma 2p_z$$

(D) $Be_2$ is a stable molecule

4900354

21. जब किसी ऐलिफैटिक ऐमीन को लैसाइने परीक्षण (Lassaigne's test) के अधीन किया जाता है, तो निम्न में से कौन-सा यौगिक बनता है?

(A) $NaNO_2$

(B) NaCN

(C) $NaN_3$

(D) $NaNH_2$

22. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) यूरैसिल (Uracil) एक प्यूरिन न्यूक्लियोबेस है

(B) प्राकृतिक फैटी एसिडिस् में विषम संख्या (odd number) के कार्बन परमाणु होते हैं

(C) (D)-ग्लूकोज़ की $Ca(OH)_2$ के साथ अभिक्रिया से (D)-फ्रुक्टोज़, (D)-मैनोज़ और (D)-ग्लूकोज़ का मिश्रण प्राप्त होता है

(D) किसी पॉलीपेप्टाइड की द्वितीयक संरचना उसमें उपस्थित अमीनो अम्लों की संख्या और प्रकार को दर्शाती है

23. एक लीटर बफर विलयन में 0.004 मोल एसिटिक अम्ल ($pK_a = 4.76$) और 0.4 मोल सोडियम एसीटेट उपस्थित है। इस विलयन का pH क्या होगा?

(A) 4.76

(B) 6.76

(C) 7.76

(D) 2.76

24. दो संतुलित अभिक्रियाएँ दी गई हैं :

अभिक्रिया 1 : $SO_2(g) + \frac{1}{2} O_2(g) \rightleftharpoons SO_3(g)$, जिसका समतुल्य नियतांक है $K_1$

अभिक्रिया 2 : $SO_3(g) \rightleftharpoons SO_2(g) + \frac{1}{2} O_2(g)$ जिसका समतुल्य नियतांक है $K_2$

$K_1$ और $K_2$ के बीच सही संबंध कौन-सा है?

(A) $K_2 = K_1$

(B) $1/K_2 = 2(K_1)$

(C) $1/K_2 = K_1$

(D) $K_2 = (K_1)^2$

25. आण्विक कक्षकीय सिद्धांत (MOT) के अनुसार निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(A) $He_2$ स्थायी है लेकिन, $He^{2+}$ के अस्तित्व की अपेक्षा नहीं की जाती

(B) समनाभिक द्विपरमाणिक अणुओं में $N_2$ का बंध सामर्थ्य सबसे अधिक है

(C) $F_2$ में आण्विक कक्षकों की ऊर्जा का क्रम है : $\pi 2p_x = \pi 2p_y < \sigma 2p_z$

(D) $Be_2$ एक स्थायी अणु है

490354 490354 490354 490354 490354

26. Which of the following is the major product from the dehydration of 2-methyl-1-pentanol?



I II III

(A) II

(B) III

(C) All forms in equal amounts

(D) I

27. Many alkenes exist as cis and trans isomers, is it easy to convert one isomer to the other in the presence of light?

(A) No, as the conversion requires the breaking of a strong $\sigma$ bond

(B) Yes, as the conversion requires the breaking of a weak $\pi$ bond

(C) Yes, as the conversion requires the breaking of a weak $\sigma$ bond

(D) No, as the conversion requires the breaking of a strong $\pi$ bond

28. Which of the following is true about lactose?



(A) It has fewer than 100 stereoisomers

(B) It is a non-reducing sugar

(C) It has a glycoside linkage

(D) It does not have a hemiacetal

29. Which ion is the better nucleophile, $OH^-$ or $NH_2^-$

(A) $NH_2^-$

(B) It is not possible to tell

(C) They are the same

(D) $OH^-$

30. Where does substitution occur when nitrobenzene reacts with a hot mixture of $Br_2$ and $FeBr_3$ ?

(A) Ortho

(B) Para

(C) Ortho and para

(D) Meta

31. What occurs in the propagation steps of all free radical addition reactions?

(A) A free radical reacts to produce another free radical

(B) Two free radicals react to produce a molecule

(C) A free radical reacts to produce a carbocation

(D) A molecule reacts to produce two free radicals

32. Which of the following contains the same number of atoms as 4.032 g of hydrogen atoms?

(A) $6.022 \times 10^{23}$ moles of H

(B) $6.022 \times 10^{23}$ molecules of $H_2$

(C) $2 \times (6.022 \times 10^{23})$ molecules of $H_2$

(D) 1 mole of $H_2$

4900354

**26.** 2-मेथिल-1-पेंटानॉल के डीहाइड्रेशन से निम्न में से कौन-सा प्रमुख उत्पाद प्राप्त होता है?



I　　II　　III

(A) II

(B) III

(C) सभी बराबर मात्रा में बनते हैं

(D) I

**27.** कई अल्कीन सिस और ट्रांस समावयों के रूप में पाए जाते हैं। क्या प्रकाश की उपस्थिति में एक समावय को दूसरे में परिवर्तित करना आसान होता है?

(A) नहीं क्योंकि इसके लिए एक मजबूत $\sigma$ बंध को तोड़ना पड़ता है

(B) हाँ, क्योंकि इसके लिए एक कमजोर $\pi$ बंध को तोड़ना पड़ता है

(C) हाँ, क्योंकि इसके लिए एक कमजोर $\sigma$ बंध को तोड़ना पड़ता है

(D) नहीं क्योंकि इसके लिए एक मज़बूत $\pi$ बंध को तोड़ना पड़ता है

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लैक्टोज के बारे में सही है?




(A) इसके 100 से कम त्रिविम समावयी होते हैं

(B) यह एक अपचायक शर्करा है

(C) इसमें ग्लाइकोसाइड लिंकज होता है

(D) इसमें हेमिआसिटेल बंधन नहीं होता है

**29.** $OH^-$ और $NH_2^-$ में से कौन-सा आयन बेहतर न्यूक्लियोफाइल है?

(A) $NH_2^-$

(B) यह बताना संभव नहीं है

(C) वे समान हैं

(D) $OH^-$

**30.** जब नाइट्रोबेंज़ीन को $Br_2$ और $FeBr_3$ के गरम मिश्रण से अभिक्रिया कराई जाती है, तो प्रतिस्थापन कहाँ होता है?

(A) ऑर्थो

(B) पेरा

(C) ऑर्थो और पेरा

(D) मीटा

**31.** फ्री रेडिकल योजक अभिक्रियाओं के प्रोपीगेशन चरणों में क्या होता है?

(A) एक फ्री रेडिकल अभिक्रिया करता है और दूसरा फ्री रेडिकल बनाता है

(B) दो फ्री रेडिकल अभिक्रिया करते हैं और एक अणु बनाते हैं

(C) एक फ्री रेडिकल अभिक्रिया करता है और एक कार्बोकेटायन बनाता है

(D) एक अणु अभिक्रिया करता है और दो फ्री रेडिकल बनाता है

**32.** निम्नलिखित में से किसमें 4.032 ग्राम हाइड्रोजन परमाणुओं के बराबर परमाणुओं की संख्या होती है?

(A) $6.022 \times 10^{23}$ मोल H

(B) $6.022 \times 10^{23}$ अणु $H_2$

(C) $2 \times (6.022 \times 10^{23})$ अणु $H_2$

(D) 1 मोल $H_2$

4900354 4900354 4900354 4900354 4900354 4900354

33. Which of the following properties increases from 3d to 5d transition metals and leads to more frequent metal-metal bonding in heavier elements?

(A) Ionization energy

(B) Enthalpy of atomisation

(C) Shielding effect

(D) Atomic radius

34. Which transition metal exists in the +5 oxidation state and is stabilised by fluorine?

(A) V

(B) Cr

(C) Fe

(D) Mn

35. Which of the following best describes the $\alpha$-helix structure of a protein?

(A) Sheet-like structure stabilized by ionic bonds

(B) Right-handed helical coil stabilized by hydrogen bonds

(C) Random coiling due to peptide bond repulsion

(D) Linear chains linked by disulfide bonds

36. Which reagent is used in the Rosenmund reduction for the preparation of aldehydes from acyl chlorides?

(A) $Pd/BaSO_4$

(B) $SnCl_2/HCl$

(C) DIBAL-H

(D) $LiAlH_4$

37. Which reagent is used for the selective reduction of nitriles to aldehydes?

(A) Zn/HCl

(B) DIBAL-H

(C) $NaBH_4$

(D) $LiAlH_4$

38. In Friedel-Crafts acylation, benzene reacts with acyl chloride in the presence of :

(A) $FeCl_3$

(B) $AlCl_3$

(C) NaOH

(D) $ZnCl_2$

39. In nucleophilic addition reactions, aldehydes are generally more reactive than ketones because :

(A) Aldehydes have less steric hindrance and are more electrophilic

(B) Aldehydes form stable intermediates

(C) Aldehydes contain two alkyl groups

(D) Aldehydes are more basic

4900354 4900354 4900354 4900354 4900354

**33.** 3d से 5d संक्रमण धातुओं की ओर बढ़ने पर कौन–सी प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे भारी तत्वों में अधिक धातु–धातु बंध बनते हैं?

(A) आयनीकरण ऊर्जा

(B) परमाणीकरण एनथैलपी

(C) शील्डिंग प्रभाव

(D) परमाणु त्रिज्या

**34.** निम्न में से कौन–सा संक्रमण धातु +5 ऑक्सीकरण अवस्था में पाया जाता है और फ्लोरीन द्वारा स्थिर होता है?

(A) V

(B) Cr

(C) Fe

(D) Mn

**35.** $\alpha$– हेलिक्स संरचना को सबसे उपयुक्त कौन–सा विकल्प दर्शाता है?

(A) आयनिक बंधों से स्थिर शीट संरचना

(B) हाइड्रोजन बंधों द्वारा स्थिर दाहिने हाथ की कुंडली

(C) पेप्टाइड बंधों के विकर्षण के कारण यादृच्छिक कुंडली

(D) डाइसल्फ़ाइड बंधों द्वारा जुड़ी रैखिक श्रृंखलाएँ

**36.** एसिल क्लोराइड से एल्डिहाइड बनाने के लिए रोज़नमंड अभिक्रिया में कौन–सा अभिकर्मक उपयोग होता है?

(A) $Pd/BaSO_4$

(B) $SnCl_2/HCl$

(C) DIBAL-H

(D) $LiAlH_4$

**37.** नाइट्राइल से एल्डिहाइड की चयनात्मक अपचयन के लिए कौन–सा अभिकर्मक उपयुक्त है?

(A) Zn/HCl

(B) DIBAL-H

(C) $NaBH_4$

(D) $LiAlH_4$

**38.** फ्रीडेल–क्राफ्ट एसीलेशन में बेंजीन और एसिल क्लोराइड की अभिक्रिया में कौन–सा उत्प्रेरक प्रयोग किया जाता है?

(A) $FeCl_3$

(B) $AlCl_3$

(C) NaOH

(D) $ZnCl_2$

**39.** न्यूक्लियोफिलिक अभिवृद्धि अभिक्रियाओं में एल्डिहाइड, कीटोन की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील क्यों होते हैं?

(A) एल्डिहाइड में कम स्टेरिक अड़चन होती है और अधिक इलेक्ट्रोफिलिक होते हैं

(B) एल्डिहाइड स्थायी मध्यवर्ती बनाते हैं

(C) एल्डिहाइड में दो अल्काइल समूह होते हैं

(D) एल्डिहाइड अधिक क्षारीय होते हैं

4900354

40. Propanedioic acid (malonic acid) has a first dissociation constant ($Ka_1$) of $1.48 \times 10^{-3}$ (pKa ≈ 2.83). Based on inductive effects, which of the following modifications would increase its $Ka_1$ value (i.e. increase acidity)?

(A) Introducing a $-CH_2NH_3^+$ group near one COOH end

(B) Introducing a $-CH_2COO^-$ group near one COOH end

(C) Extending the carbon chain without adding any substituents

(D) Replacing one COOH group with a $-CH_3$ group

41. Consider two compounds :

Compound A : 2, 2-dichloropropanoic acid (pKa ≈ 1.48)

Compound B : 2-chloropropanoic acid (pKa ≈ 2.85)

Given the pKa values, identify which compound has a higher fraction of dissociated species at pH = 3.

(A) Compound B has a higher $[A^-]/[HA]$ because its higher pKa resists protonation better

(B) Both compounds have identical $[A^-]/[HA]$ at pH 3.

(C) Neither compound dissociates significantly at pH 3.

(D) Compound A has a higher $[A^-]/[HA]$ because its lower pKa leads to stronger acidity

42. In the complex ion $[Cr(en)_2Cl_2]^+$, how many geometrical isomers are possible?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 1

43. Which of the following statements is true about $[PtCl_4]^{2-}$ ?

(A) Is paramagnetic

(B) Has square planar geometry with $dsp^2$ hybridization

(C) Can exhibit optical isomerism

(D) Exhibits tetrahedral geometry

44. Which of the following plots represents a zero-order reaction?

(A) A straight line when ln[A] is plotted against time

(B) A straight line when 1/[A] is plotted against time

(C) A curved graph when [A] is plotted against time

(D) A straight line when [A] is plotted against time

45. The ionization energies (in kJ/mol) of an unknown element × are given below :

First : 730; Second : 1450; Third : 7700; Fourth : 10,500

Based on this data, what is the most likely empirical formula of a compound formed between element X and phosphorus (P)?

(A) $X_3P$

(B) $X_3P_2$

(C) $X_3P_4$

(D) XP

4900354 4900354 4900354 4900354 4900354

40. प्रोपेनेडिओइक अम्ल (मेलानिक अम्ल) का पहला आयनीकरण स्थिरांक ($Ka_1$) $1.48 \times 10^{-3}$ है ($pKa \approx 2.83$)। इंडक्टिव प्रभाव (inductive effects) के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा संशोधन इसके $Ka_1$ मान को बढ़ाएगा (अर्थात अम्लीयता को बढ़ाएगा)?

(A) एक COOH छोर के पास $-CH_2NH_3^+$ समूह को जोड़ना

(B) एक COOH छोर के पास $-CH_2COO^-$ समूह को जोड़ना

(C) किसी भी उपस्थापक को जोड़े बिना कार्बन श्रृंखला को बढ़ाना

(D) एक COOH समूह को $-CH_3$ समूह से प्रतिस्थापित करना

41. दो यौगिकों पर विचार कीजिए :

यौगिक A : 2,2-डाइक्लोरोप्रोपेनॉइक अम्ल ($pKa \approx 1.48$)

यौगिक B : 2-क्लोरोप्रोपेनॉइक अम्ल ($pKa \approx 2.85$)

दिए गए pKa मानों के आधार परम यह पहचानिए कि pH = 3 पर किस यौगिक में आयनीकृत (dissociated प्रजातियों का अंश अधिक होगा?

(A) यौगिक B में $[A^-]/[HA]$ अधिक होगा क्योंकि इसका pKa अधिक है और यह प्रोटॉन को वापस लेने का अधिक प्रतिरोध करता है

(B) दोनों यौगिकों में pH 3 पर $[A^-]/[HA]$ समान होगा

(C) pH 3 पर कोई भी यौगिक पर्याप्त रूप से आयनीकृत नहीं होगा

(D) यौगिक A में $[A^-]/[HA]$ अधिक होगा क्योंकि इसका pKa कम है, जिससे यह अधिक अम्लीय होता है

42. $[Cr(en)_2Cl_2]^+$ संकुल में कुल कितने ज्यामितीय समावयव संभव हैं?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 1

43. निम्नलिखित में से कौन सा कथन $[PtCl_4]^{2-}$ के बारे में सत्य है?

(A) यह अनुचुम्बकीय (paramagnetic) है

(B) इसमें वर्ग समतलीय (square planar) संरचना होती है और यह $dsp^2$ संकरण (hydrization) प्रदर्शित करता है

(C) यह ऑप्टिकल समावयवता (optical isomerism) प्रदर्शित कर सकता है

(D) यह चतुर्भुजीय (tetrahedral) संरचना प्रदर्शित करता है

44. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्राफ शून्य-कोटि अभिक्रिया को दर्शाता है?

(A) ln[A] बनाम समय का सीधा रेखीय ग्राफ

(B) 1/[A] बनाम समय का सीधा रेखीय ग्राफ

(C) [A] बनाम समय का व्रकाकार (curved) ग्राफ

(D) [A] बनाम समय का सीधा रेखीयं ग्राफ

45. एक अज्ञात तत्व X की आयनीकरण ऊर्जा (kJ/mol) में निम्नानुसार है :

पहली : 730; दूसरी : 1450; तीसरी : 7700; चौथी : 10,500 इन आंकड़ों के आधार पर, फॉस्फोरस (P) और तत्व X के बीच बनने वाले यौगिक का सबसे संभावित अनुभव सूत्र (empirical formula) क्या होगा?

(A) $X_3P$

(B) $X_3P_2$

(C) $X_3P_4$

(D) XP

4900354

46. How does the equilibrium vapour pressure of $C_2H_5OH$ (ethanol) at 300 K compare to that of $CH_3OH$ (methanol) at the same temperature?

(A) It is higher because London dispersion forces are greater in $C_2H_5OH$

(B) It is lower because London dispersion forces are greater in $C_2H_5OH$

(C) It is lower because there are more hydrogen bonds in $C_2H_5OH$

(D) It is the same because both exhibit hydrogen bonding

47. Which of the following anions is most likely to have the strongest interaction with water molecules in an aqueous solution?

(A) $I^-$

(B) $S^{2-}$

(C) $Te^{2-}$

(D) $F^-$

48. For which of the following equilibrium reactions will the amount of product(s) at equilibrium increase if the volume of the reaction vessel is increased at constant temperature?

(A) $2NO(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO_2(g)$

(B) $N_2(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO(g)$

(C) $2CO(g) \rightleftharpoons C(s) + CO_2(g)$

(D) $PCl_5(g) \rightleftharpoons PCl_3(g) + Cl_2(g)$

49. In a lab experiment, a student mixes 50.0 mL of 0.100 M $AgNO_3(aq)$ with 50.0 mL of 0.100 M NaCl(aq) at 20.0°C in a coffee-cup calorimeter. After mixing, the final temperature of the solution is found to be 21.0°C. What is the enthalpy change (ΔH) of the precipitation reaction below, in kJ/mol of reaction?

$$Ag^+(aq) + Cl^-(aq) \rightarrow AgCl(s)$$

(Assume : total mass of the mixture = 100 g, and specific heat capacity = 4.2 J/(g. °C))

(A) $-0.42\ kJ/mol_{r\times n}$

(B) $0.42\ kJ/mol_{r\times n}$

(C) $84\ kJ/mol_{r\times n}$

(D) $-84\ kJ/mol_{r\times n}$

50. The dissolution of slightly soluble calcium fluoride ($CaF_2$) is represented by the following equilibrium :

$$CaF_2(s) \rightleftharpoons Ca^{2+}(aq) + 2F^-(aq)$$

(ΔH > 0)

Which of the following changes will decrease the $[Ca^{2+}]$ concentration in a saturated solution of $CaF_2$ and why?

(A) Adding 0.1 M $HNO_3$ (aq), because some $F^-$ ions will be protonated

(B) Adding 0.1 M $NaNO_3$ (aq), because additional liquid will dilute the solution

(C) Adding NaF(s), because the reaction will shift toward the reactants

(D) Allowing some water to evaporate, because more $CaF_2(s)$ will precipitate

46. 300 K पर $C_2H_5OH$ (इथेनॉल) का संतुलन वाष्प दाब $CH_3OH$ (मीथेनॉल) की तुलना में कैसा होता है?

(A) अधिक होता है क्योंकि $C_2H_5OH$ में लंदन अपसरण बल अधिक होते हैं

(B) कम होता है क्योंकि $C_2H_5OH$ में लंदन अपसरण बल अधिक होते हैं

(C) कम होता है क्योंकि $C_2H_5OH$ में हाइड्रोजन बंधों की संख्या अधिक होती है

(D) समान होता है क्योंकि दोनों में हाइड्रोजन बंधन होता है

47. निम्नलिखित में से कौन सा ऋणायन (anion) जलीय विलयन में जल अणुओं के साथ सबसे मजबूत पारस्परिक क्रिया करेगा?

(A) $I^-$

(B) $S^{2-}$

(C) $Te^{2-}$

(D) $F^-$

48. निम्नलिखित में से किस संतुलन अभिक्रिया में, यदि संविक्रिया पात्र का आयतन बढ़ा दिया जाए (तापमान स्थिर रखते हुए), तो संतुलन पर उत्पादों की मात्रा बढ़ेगी?

(A) $2NO(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO_2(g)$

(B) $N_2(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO(g)$

(C) $2CO(g) \rightleftharpoons C(s) + CO_2(g)$

(D) $PCl_5(g) \rightleftharpoons PCl_3(g) + Cl_2(g)$

49. एक प्रयोग में, एक छात्र 50.0 mL 0.100 M $AgNO_3(aq)$ को 50.0 mL 0.100 M $NaCl(aq)$ के साथ 20.0°C पर एक कॉफी-कप कैलोरीमीटर में मिलाता है। मिश्रण के बाद, अंतिम तापमान 21.0°C मापा गया। नीचे दी गई अवक्षेपण अभिक्रिया के लिए प्रति मोल अभिक्रिया के अनुसार एनथैल्पी परिवर्तन (ΔH) कितना है?

$$Ag^+(aq) + Cl^-(aq) \rightarrow AgCl(s)$$

(मान लें कि कुल द्रव्यमान = 100 g, विशिष्ट ऊष्मा = 4.2 J/(g. °C) है।)

(A) $-0.42\ kJ/mol_{r\times n}$

(B) $0.42\ kJ/mol_{r\times n}$

(C) $84\ kJ/mol_{r\times n}$

(D) $-84\ kJ/mol_{r\times n}$

50. थोड़ा घुलनशील लवण ($CaF_2$) का घुलना निम्न संतुलन समीकरण द्वारा दर्शाया गया है :

$$CaF_2(s) \rightleftharpoons Ca^{2+}(aq) + 2F^-(aq) \quad (\Delta H > 0)$$

निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन $Ca^{2+}$ आयनों की एकाग्रता को घटाएगा, और क्यों?

(A) 0.1 M $HNO_3$ मिलाना, क्योंकि कुछ $F^-$ आयन प्रोटोनित हो जाएंगे

(B) 0.1 M $NaNO_3$ मिलाना, क्योंकि अतिरिक्त द्रव विलयन को पतला करेगा

(C) NaF ठोस मिलाना, क्योंकि अभिक्रिया वाम ओर (प्रतिक्रिया की दिशा में) जाएगी

(D) कुछ जल वाष्पित होने देना, क्योंकि अधिक $CaF_2(s)$ अवक्षेपित हो जाएगा

490354
490354
490354
490354
490354

51. The Bernoulli theorem is fundamentally related to conservation of

(A) mass

(B) energy

(C) angular momentum

(D) momentum

52. When a metallic wire is subjected to tensile stress due to an external load, the resulting fractional change in its volume is proportional to

(A) $\sqrt{\frac{1}{l}}$

(B) $\frac{\Delta l}{l}$

(C) $(\Delta l)^2$

(D) None of these

53. 1 gram each of ice and steam is mixed. The temperature of the mixture at thermal equilibrium is

(A) 0°C

(B) 67°C

(C) 95°C

(D) 100°C

54. 1 kg of water is heated from 30°C to 60°C, if its volume remains constant, then the change in internal energy is (Specific heat of water = 4148 $Jkg^{-1}K^{-1}$)

(A) $6.24 \times 10^5$ J

(B) $9.54 \times 10^5$ J

(C) $7.67 \times 10^5$ J

(D) $1.24 \times 10^5$ J

55. At temperature $T$, the mean square velocity of the molecules of a gas is proportional to

(A) $\sqrt{T}$

(B) $T$

(C) $T^2$

(D) $\frac{1}{T}$

56. A simple harmonic oscillator oscillating with frequency $v$ is taken in an elevator slowly accelerating upward, the frequency will

(A) become zero

(B) remain same

(C) increase

(D) decrease

57. Two harmonic waveforms described by $y_1 = a\sin(\omega t - kx)$ and $y_2 = a\cos(\omega t - kx)$ are super imposed. The amplitude of the composite wave will be

(A) $\sqrt{2}a$

(B) $a/2$

(C) $a$

(D) 0

58. A charge $q$ is placed at the centre of the line joining two equal charges $+Q$. For the system to be in equilibrium, $q$ should be equal to

(A) $-Q/4$

(B) $-2Q$

(C) $+4Q$

(D) $-Q$

4900354

51. बर्नोली का प्रमेय मूलतः ____________ के संरक्षण से संबंधित है।

(A) द्रव्यमान

(B) ऊर्जा

(C) कोणीय संवेग

(D) संवेग

52. जब किसी धातु की तार को किसी भार द्वारा खींचा जाता है, तो उसके आयतन में होने वाला अपूर्ण परिवर्तन निम्नलिखित के अनुक्रमानुपाती होता है।

(A) $\sqrt{\frac{1}{l}}$

(B) $\frac{\Delta l}{l}$

(C) $(\Delta l)^2$

(D) इनमें से कोई नहीं

53. 1 ग्राम बर्फ के 1 ग्राम भाप के साथ मिलाया जाता है। ऊष्मीय संतुलन की स्थिति में मिश्रण का तापमान निम्नलिखित में से कितना होगा?

(A) 0°C

(B) 67°C

(C) 95°C

(D) 100°C

54. 1 किलोग्राम जल को 30°C से 60°C तक गर्म किया जाता है। यदि इसका आयतन स्थिर रहता है, तो आंतरिक ऊर्जा में कितना परिवर्तन होगा (जल की विशिष्ट ऊष्मा = 4148 $Jkg^{-1}K^{-1}$)

(A) $6.24 \times 10^5$ J

(B) $9.54 \times 10^5$ J

(C) $7.67 \times 10^5$ J

(D) $1.24 \times 10^5$ J

55. किसी गैस के अणुओं की औसत वर्ग गतिवेग (mean square speed) तापमान $T$ पर निम्न के अनुक्रमानुपाती होती है

(A) $\sqrt{T}$

(B) $T$

(C) $T^2$

(D) $\frac{1}{T}$

56. एक सरल आवर्तक दोलन (simple harmonic oscillator) जो आवृत्ति $v$ के साथ दोलन कर रहा है, को एक लिफ्ट में रखा जाता है जो धीरे-धीरे ऊपर की ओर त्वरण ले रही है, तब उसकी आवृत्ति

(A) शून्य हो जाएगी

(B) अपरिवर्तित रहेगी

(C) बढ़ जाएगी

(D) घट जाएगी

57. दो हार्मोनिक तरंगें क्रमशः $y_1 - a\sin(\omega t - kx)$ और $y_2 = a\cos(\omega t - kx)$ को सुपेरिमपोसेड करने के पश्चात बनी संयुक्त तरंग की परिमाण (amplitude) क्या होगी?

(A) $\sqrt{2}a$

(B) $a/2$

(C) $a$

(D) 0

58. एक आवेश $q$ को दो समान आवेशों $+Q$ के बीच की रेखा के केंद्र पर रखा गया है। यदि यह व्यवस्था संतुलन में हो, तो $q$ का मान निम्न में से क्या होना चाहिए?

(A) $-Q/4$

(B) $-2Q$

(C) $+4Q$

(D) $-Q$

4900354

59. $E = E_0 \sin(\omega t - kx)$ describes an electromagnetic wave in vacuum. Which of the following is independent of wavelength?

(A) $\omega$

(B) $\frac{k}{\omega}$

(C) $k\omega^2$

(D) $k$

60. The focal lengths of objective and eyepiece of a compound microscope are $f_0 =$ 0.5 cm and $f_e =$ 2.5 cm, respectively. The tube length is $L$ = 16.5 cm. For the final image to be formed at $D$ = 25 cm, the angular magnification is

(A) 165

(B) 363

(C) 660

(D) 350

61. A metal with work function 7.5 eV is incident upon by a radiation of wavelength 1242 Å. The potential difference required to stop the fastest photoelectron emitted by metal surface is

(A) 5.5 V

(B) 4.5 V

(C) 2.5 V

(D) 7.5 V

62. The minimum orbital angular momentum of the electron in a hydrogen atom is

(A) h / 3

(B) h / $2\pi$

(C) h / $\lambda$

(D) 2h

63. The binding energy per nucleon is maximum for

(A) Calcium

(B) Helium

(C) Carbon

(D) Iron

64. Which of the following statement is true about Zener diode?

(A) Its resistance decreases with increasing current in breakdown region

(B) It has zero dynamic resistance in breakdown

(C) It operates in forward-biased condition

(D) It allows unlimited current flow in reverse bias

65. The light is emitted in LED when

(A) electrons are removed from the conduction band

(B) electrons recombine with holes at the junction

(C) holes are removed from the valence band

(D) electrons move from $p$-side to $n$-side

66. Which of the following is a fundamental particle?

(A) Proton

(B) Neutron

(C) Hydrogen

(D) Electron

4900354

**59.** $E = E_0 \sin(\omega t - kx)$ निर्वात में एक विद्युतचुंबकीय तरंग दर्शाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा परिमाण तरंगदैर्ध्य से स्वतंत्र होता है?

(A) $\omega$

(B) $\frac{k}{\omega}$

(C) $k\omega^2$

(D) $k$

**60.** एक यौगिक सूक्ष्मदर्शी में उद्देश्य लेंस तथा नेत्रपीस की फोकस दूरियाँ क्रमशः $f_0 = 0.5$ सेमी और $f_e = 2.5$ सेमी हैं। ट्यूब की लंबाई $L = 16.5$ सेमी है। यदि अंतिम प्रतिबिंब $D = 25$ सेमी पर बनता है, तो कोणीय आवर्धन निम्न में से कितना होगा?

(A) 165

(B) 363

(C) 660

(D) 350

**61.** एक धातु की सतह पर 1242 Å तरंगदैर्ध्य का विकिरण आपतित होता है, जिसकी कार्य-फंक्शन (कार्य फलन) 7.5 eV है। धातु सतह से उत्सर्जित सबसे तीव्र फोटोइलेक्ट्रॉन को रोकने के लिए कितनी विभवांतर (वोल्टता) अप्लाई करनी होगी?

(A) 5.5 V

(B) 4.5 V

(C) 2.5 V

(D) 7.5 V

**62.** हाइड्रोजन परमाणु में इलेक्ट्रॉन का न्यूनतम कक्षीय कोणीय संवेग कितना होता है?

(A) $h/3$

(B) $h/2\pi$

(C) $h/\lambda$

(D) 2h

**63.** प्रति न्यूक्लिओन बंधन ऊर्जा अधिकतम होती है

(A) कैल्शियम

(B) हीलियम

(C) कार्बन

(D) लोहा

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ज़ेनर डायोड के बारे में सत्य है?

(A) ब्रेकडाउन क्षेत्र में इसकी प्रतिरोधता धारा बढ़ने पर घटती है

(B) ब्रेकडाउन में इसका डायनामिक रेज़िस्टेंस शून्य होता है

(C) यह फॉरवर्ड बायस स्थिति में कार्य करता है

(D) यह रिवर्स बायस में अनियंत्रित धारा प्रवाहित होने देता है

**65.** एलईडी (LED) में प्रकाश तब उत्सर्जित होता है जब

(A) इलेक्ट्रॉन कंडक्शन बैंड से हटा दिए जाते हैं

(B) इलेक्ट्रॉन जंक्शन पर होल्स के साथ पुनः संयोजन करते हैं

(C) होल्स वेलेंस बैंड से हटा दिए जाते हैं

(D) इलेक्ट्रॉन p-पक्ष से n-पक्ष की ओर जाते हैं

**66.** निम्नलिखित में से कौन एक मूल कण है

(A) प्रोटॉन

(B) न्यूट्रॉन

(C) हाइड्रोजन

(D) इलेक्ट्रॉन

490354 490354 490354 490354 490354

67. The internal energy of $N$ molecules of oxygen gas at temperature $T$ is

(A) $\frac{3}{2}NkT$

(B) $\frac{5}{2}NkT$

(C) $\frac{9}{2}NkT$

(D) $\frac{1}{2}NkT$

68. A standing wave is given by $f(x,t) = 3\sin(7x)\cos(9t)$. The distance between any two adjacent nodes is

(A) $\frac{\pi}{2}$

(B) $\frac{\pi}{9}$

(C) $\frac{\pi}{7}$

(D) $\frac{1}{2}$

69. Two capacitors of capacitances $C$ and $\frac{C}{2}$ in series are charged to potential $V$. The energy stored in the system is

(A) $\frac{1}{6}CV^2$

(B) $\frac{2}{5}CV^2$

(C) $\frac{5}{6}CV^2$

(D) $\frac{2}{3}CV^2$

70. Kirchhoff's second law is a consequence of

(A) law of conservation of charge

(B) law of conservation of energy

(C) law of conservation of density

(D) law of conservation of probability

71. A superconductor is characterized by the complete manifestation of

(A) ferromagnetism

(B) anti-ferromagnetism

(C) paramagnetism

(D) diamagnetism

72. When an object with charge $q$ moves in a magnetic field, the resulting magnetic force is independent of

(A) velocity

(B) magnetic field

(C) mass of the object

(D) charge

73. A metallic disc of radius 1 m is rotated uniformly at an angular velocity of 30 $rad/s$ in a plane perpendicular to an external magnetic field of magnetic induction of 0.2 $Wb/m^2$. The induced emf between the centre of the disc and a point on the periphery of the disc is

(A) 2.0 V

(B) 2.5 V

(C) 3.0 V

(D) 1.5 V

4900354

67. $T$ तापमान पर ऑक्सीजन गैस के $N$ अणुओं की आंतरिक ऊर्जा होती है :

